बाल यौन शोषण / दुराचार के विरुद्ध जागरूकता वेबीनार

Notice

'साक्षी NGO संस्था' यौन उत्पीड़न और बाल यौन शोषण के क्षेत्र में कार्य करती है। इसके द्वारा College मे एक आनलाइन मोड से वेबीनार का आयोजन किया जाना है जो POCSO Act की जानकारी से संबंधित होगा। सभी स्वयंसेवक Zoom Application के माध्यम से इससे जुड़ेंगे।

समय - 11:30 am

दिनांक - 14/07/2020

Pabarry
13/07/20

वेबीनार प्रेस रिपोर्ट -

M.D. जैन महाविद्यालय के NSS स्वयंसेवकों ने दिल्ली स्थित साक्षी NGO जो बाल यौन शोषण रोकथाम हेतु कार्यरत है, के संयुक्त तत्वाधान में एक ऑनलाइन ग्रुप एप पर वेबीनार का आयोजन किया गया।
वेबीनार का मुख्य विषय - यौन दुराचार कानून के बारे में जागरूकता था। इसका मुख्य उद्देश्य (पाक्सो एक्ट 2012) के कानूनों को जन-जन तक पहुंचाना था।
वेबीनार का संचालन साक्षी संस्था की कार्यकर्ता रम्या जी द्वारा किया गया। इन्होंने बाल यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों तथा भारत में यौन शोषण के विभिन्न दशा व दिशा पर प्रकाश डाला, जैन कॉलेज की NSS PO डॉ. तबस्सुम बानो ने आयोजनकर्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि बाल यौन उत्पीड़न जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर कार्यशाला का आयोजन करना

सभी के लिए महत्वपूर्ण है।
बाल यौन शोषण अपराध से संरक्षण कानून (POCSO 2012) के बारे में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए।
इस अवसर पर जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार ओझा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी।
कार्यक्रम में जैन कॉलेज के NSS स्वयंसेवक अंकुश गुप्ता की पेंटिंग की काफी सराहना की गई।
इस अवसर पर 50 स्वयंसेवकों शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# यौन शोषण के विरुद्ध वेबिनार, एचडी जैन कॉलेज के स्वयंसेवक हुए शामिल

आरा | यौन शोषण दुराचार के विरुद्ध जागरूकता को ले वेबिनार का आयोजन किया गया था। वेबिनार में एचडी जैन कॉलेज के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ तबस्सुम बानो ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य पोक्सो एक्ट -2012 के तहत रक्षिन प्रोजेक्ट से स्वयंसेवकों को जोड़ना था। स्वयंसेवकों को बाल यौन शोषण रोकने के लिए सक्षम बनाना था। उन्होंने बताया कि वेबिनार का आयोजन दिल्ली के एक एनजीओ द्वारा किया गया था। एनजीओ के सदस्यों ने बाल यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों के बारें में बताया। भारत में बाल यौन शोषण की दशा व दिशा पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र ओझा ने कहा कि बाल यौन शोषण जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर हमेशा ही कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए। बाल यौन शोषण अपराधों से संरक्षण का कानून पोक्सो एक्ट-2012 के बारें में सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानना चाहिए। जैन कॉलेज के विद्यार्थियों ने यौन शोषण की जागरूकता के लिए पेंटिंग भी बनाया जो कि काफी चर्चा का विषय बना रहा।

Dainik Bhaskar

# पॉक्सो एक्ट की दी गयी जानकारी

आरा। एचडी जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ दिल्ली की साक्षी एनजीओ की ओर से वेबिनार का आयोजन किया गया। विषय बाल यौन शोषण दुराचार के विरुद्ध जागरूकता था। मुख्य उद्देश्य पाक्सो एक्ट 2012 के तहत कानून की जानकारी देनी थी। संचालन साक्षी संस्थान की कार्यकर्ता रम्या ने किया। उन्होंने बाल यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों तथा भारत में बाल यौन शोषण की दशा व दिशा पर प्रकाश डाला। जैन कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ तबस्सुम बानो ने कहा की बाल यौन शोषण जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए हैं। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा ने कार्यक्रम के अंत में इसकी सफलता के लिए आयोजन कर्ताओं को बधाई दी।

कार्यसमिति सदस्य कृष्णदेव यादव ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने

# बाल यौन शोषण के विरुद्ध किया गया जागरूक

**पहल**


संवाददाता ▷ आरा

**एचडी** जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ दिल्ली स्थित साक्षी एनजीओ ने सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार का विषय बाल यौन शोषण दुराचार के विरुद्ध जागरूकता था. इसका मुख्य उद्देश्य पाक्सो एक्ट, 2012 के तहत रक्षिन प्रोजेक्ट को जैन कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वयंसेवकों को बाल यौन शोषण रोकने के लिए सक्षम बनाना है. संचालन साक्षी संस्थान की कार्यकर्ता रम्या द्वारा किया




कार्यक्रम में बाल यौन शोषण की जानकारी को लेकर लगा पोस्टर.

गया. इन्होंने बाल यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों तथा भारत में बाल यौन शोषण की दशा व दिशा पर प्रकाश डाला गया. जैन कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ तबस्सुम बानो ने आयोजनकर्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि बाल यौन शोषण जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर कार्यशाला का आयोजन करने से सभी लाभान्वित हुए हैं. बाल यौन शोषण अपराधों से संरक्षण का कानून पैक्सो 2012 के बारे में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए. इस अवसर पर जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार ओझा ने इसकी सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी. कार्यक्रम में जैन कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये पोस्टर की काफी सराहना की गयी. इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.


NATIONAL SERVICE SCHEME
HAR PRASAD DAS JAIN COLLEGE
VEER KUNWAR SINGH UNIVERSITY
4+5=
Volume
MUTE
IF YOU TELL ANYONE
CHILD ABUSE
THE PROTECTION OF CHILDREN FROM SEXUAL OFFENCES (POCSO) ACT, 2012 INDIA

# बाल यौन शोषण के विरुद्ध किया गया जागरूक

**पहल**

**संवाददाता** ▷ आरा

**एचडी** जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ दिल्ली स्थित साक्षी एनजीओ ने सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार का विषय बाल यौन शोषण दुराचार के विरुद्ध जागरूकता था. इसका मुख्य उद्देश्य पाक्सो एक्ट, 2012 के तहत रक्षिन प्रोजेक्ट को जैन कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वयंसेवकों को बाल यौन शोषण रोकने के लिए सक्षम बनाना है. संचालन साक्षी संस्थान की कार्यकर्ता रम्या द्वारा किया गया. इन्होंने बाल यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों तथा भारत में बाल यौन शोषण की दशा व दिशा पर प्रकाश डाला गया. जैन कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ तबस्सुम बानो ने आयोजनकर्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि बाल यौन शोषण जैसे अति संवेदनशील मुद्दे पर कार्यशाला का आयोजन करने से सभी लाभान्वित हुए हैं. बाल यौन शोषण अपराधों से संरक्षण का कानून पैक्सो 2012 के बारे में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए. इस अवसर पर जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार ओझा ने इसकी सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी. कार्यक्रम में जैन कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये पोस्टर की काफी सराहना की गयी. इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



कार्यक्रम में बाल यौन शोषण की जानकारी को लेकर लगा पोस्टर.

प्रभात खबर Wed, 15 July 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/53479714